पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
(छ.ग. शासन के अधिनियम कमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
कोनी–बिरकोना मार्ग , बिलासपुर (छ.ग.) 495009
दूरभाष क्रमांक : (07752) 240702, 240712, 240752
www.pssou.ac.in Email – registrar@pssou.ac.in

रिपोर्ट
तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला
(28–30 अगस्त, 2020)

दिनांक 28 से 30 अगस्त 2020 तक, ऑनलाइन परीक्षा प्लेटफार्म पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का ऑनलाइन आयोजन शिक्षा विभाग पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर , वाणिज्य विभाग शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर ,व स्क्रोलवेल एजुकेशन सोसायटी पटना बिहार के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

करोना महामारी के कारण शैक्षणिक संस्थाओं में अध्यापन कार्य ऑनलाइन माध्यम से कराया गया एवं प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के द्वारा ऑनलाइन परीक्षाएं आयोजित की जानी हैं । पूर्व में ऑनलाइन अध्यापन एवं ऑनलाइन अध्यापन के लिये उपलब्ध टूल्स एवं टेक्निक्स पर अनेक कार्यशाला एवं सेमिनार आयोजित किए जा चुके हैं परंतु ऑनलाइन परीक्षा हेतु उपलब्ध तकनीकों पर आयोजित यह कार्यशाला प्रदेश में अपनी तरह का प्रथम कार्यक्रम रहा।

कार्यशाला की शुरुआत दिनांक 28 अगस्त 2020 को हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत श्रीमती निवृत्ति जेम्स सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग, शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यशाला की समन्वयक डा.बीना सिंह विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर ,व डॉ रमेश कुमार पांडे, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग, शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर

महाविद्यालय बिलासपुर ने कार्यशाला का परिचय देते हुए उसके औचित्य पर प्रकाश डाला ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर बंश गोपाल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस.एल.निराला रहे।

माननीय कुलपति प्रोफेसर बंश गोपाल सिंह ने अपने उद्‌बोधन में इस तरह के आयोजन को समय की आवश्यकता बताया तथा उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा हेतु उपलब्ध तकनीकों का ज्ञान प्राप्त कर आने वाले समय में अपने महाविद्यालय एवं विद्यालयों में होने वाली परीक्षाओं में इन तकनीकों का उचित उपयोग सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ एस.एल. निराला ने अपने महाविद्यालय में आयोजित हो रही ऑनलाइन परी{ााओं के संबंध में जानकारी प्रदान की साथ ही प्रतिभागियों का मनोबल बढाते हुए आयोजन समिति को शुभकामनाएं दी।

कार्यशाला के 3 दिनों में ऑनलाइन परीक्षा प्लेटफार्म से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर स्क्रोलवेल एजुकेशन सोसायटी के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ रमेश कुमार पांडे एवं डॉ बिना सिंह, आयोजन सचिव डॉ अनीता सिंह श्रीमती निवृत्ति जेम्स, आयोजन समिति के सदस्य डॉ ए.पी.गोस्वामी, डॉ डी.पी. देवांगन श्री जे.पी. दुबे, डॉ ए.एन.सिंह, डॉ संदीप शुक्ला, डॉ प्रीति रानी मिश्रा है।

कार्यशाला में देश के लगभग सभी राज्यों से 72 प्रतिभागी सम्मिलित रहे । कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनीता सिंह, सहायक प्राध्यापक शिक्षा विभाग, पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर द्वारा किया गया।

संयोजक